राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग

क्रमांक: प.18(2)शिक्षा–4/2018 पार्ट–2 जयपुर, दिनांक 30/9/22

कुलसचिव,
समस्त राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालय एवं
निजी विश्वविद्यालय,
उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान।

विषयः– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस (02 अक्टूबर, 2022) के अवसर पर संपूर्ण प्रदेश में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन करवाने के संबंध में।

संदर्भः– प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर की अ.शा.टीप क्रमांक प. 27(2)क्र.सं./2021 पार्ट प्रथम दिनांक 24.09.2022 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस (02 अक्टूबर, 2022) के अवसर पर संपूर्ण प्रदेश में प्रातः 11.00 बजे एक साथ एक ही समय में समस्त राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एक साथ तीन प्रार्थनाओं का सामूहिक गायन किया जाएगा।

अतः आग्रह है कि समस्त राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालय अपने स्तर पर सर्वधर्म प्रार्थनाओं के साथ साथ 02 अक्टूबर के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले अन्य कार्यक्रमों का भी संचालन करेंगे।

कार्यक्रम का प्रारूपः–

1. वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणरे..........
2. दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल........
3. धर्म वो ही एक सच्चा जगत को प्यार देवें हम.........

अतः उक्तानुसार अनुपालना सुनिश्चित कर इस कार्यक्रम को सफल बनायें।

भवदीय,

(डॉ. फिरोज अख्तर)
संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1. विशिष्ट सहायक, माननीय उच्च शिक्षामंत्री, राजस्थान।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
4. रक्षित पत्रावली।

—Sd—
संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकःएफ.14( )शैक्ष.।।/मदसविवि/2022/ 28917-18 दिनांकः 1/10/22

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य, म0द0स0 विश्वविद्यालय अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों को विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में परिशिष्ट–I के बिन्दु संख्या 02 के अनुसार पालनार्थ प्रेषित है।
2. वेब– एडमिनिस्ट्रेटर, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर को वेबसाईट पर अपलोड़ कराने हेतु ।

संलग्नः परिशिष्ट–I

उप कुलसचिव (शैक्ष–II)

सर्वधर्म प्रार्थना सभा

दिनांक 02 अक्टूबर, 2022

समयः प्रातः 11:00 बजे

—:कार्ययोजनाः—

क्रमांक	विभाग का नाम	आवंटित कार्य
1	शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, जयपुर।	• प्रदेश के समस्त जिलों के राजकीय एवं गैर–राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों, एनसीसी, स्काउड गाईड, एनएसएस की राज्य स्तर, संभाग स्तर, जिला स्तर एवं उपखण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता/उपस्थिति सुनिश्चित करना। • नोडल विभाग के रूप में चिन्हित प्रार्थनाओं की तैयारी, अभ्यास एवं सभी प्रार्थनाओं का प्रारूप समस्त प्रतिभागियों को उपलब्ध करवाना। • विश्व रिकॉर्ड से सम्बन्धित संस्था से समन्वय एवं प्रमाण–पत्र की कार्यवाही। • आयोजन स्थल पर विद्यार्थियों की व्यवस्था हेतु अधिकारियों एवं शिक्षकों की अलग–अलग टीम बनाकर नियुक्त करना। • विद्यार्थियों के आवागमन, अल्पाहार आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था।
2	उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर।	• प्रदेश के समस्त जिलों के राजकीय एवं गैर–राजकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, एनसीसी, स्काउड ,गाईड, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र की राज्य स्तर, संभाग स्तर, जिला स्तर एवं उपखण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता/उपस्थिति सुनिश्चित करना। • चिन्हित प्रार्थनाओं की तैयारी, अभ्यास एवं सभी प्रार्थनाओं का प्रारूप समस्त प्रतिभागियों को उपलब्ध करवाना। • आयोजन स्थल पर विद्यार्थियों की व्यवस्था हेतु अधिकारियों एवं शिक्षकों की अलग–अलग टीम बनाकर नियुक्त करना। • विद्यार्थियों के आवागमन, अल्पाहार आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था।
3	ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर।	• राजीविका, स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की भागीदारी सुनिश्चित करना।
4	स्वायत्त शासन विभाग एवं नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार।	• समारोह स्थल (राज्य स्तर, संभाग स्तर एवं जिला स्तर) पर साफ–सफाई, रंगोली आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित करना।